# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, प्रतापगढ (राज.)

पीठीसीन अधिकारी

शुभम चौधरी (I.A.S.)
जिला कलक्टर, प्रतापगढ़

| प्रकरण संख्या | GCMS प्रकरण संख्या | दर्ज दिनांक | फैसल दिनांक |
|---|---|---|---|
| 40 / 2025 | 2025 / 86 | 02.04.2025 | 19.05.2026 |

श्री सरकार जरिये तहसीलदार प्रतापगढ़ जिला प्रतापगढ़ (राज0)

—: प्रार्थी

—: बनाम :—

1. श्री गोपाल पुत्र कंवर लाल
2. श्रीमती मधु पत्नि कंवरलाल पाटीदार निवासी थडा तहसील एवं जिला प्रतापगढ़ (राज.)

—: अप्रार्थी / विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 14(4) कृषि भूमि आवंटन नियम 1970 के तहत् विरूद्ध आवंटन मिशल नं. 109 दिनांक 24.12.2021 के संबंध में।

उपस्थिति :—

1. श्री पैरोकार सरकार
2. श्री भूपेन्द्र सिंह राव अधिवक्ता (अप्रार्थी / विपक्षीगण)

—: आदेश :— दिनांक 19.05.2026

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी पेरोकार सरकार जरिये तहसीलदार प्रतापगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 14(4) कृषि भूमि आवंटन नियम 1970 के तहत् विरूद्ध आवंटन मिशल नं. 109 दिनांक 24.12.2021 के संबंध में निम्न प्रकार प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि राजस्व ग्राम थडा पटवार मण्डल थडा के खसरा नम्बर 363 / 988 रकबा 0.11 हैक्टर भूमि प्रतिवादीगण के नाम से श्रीमान उपखण्ड़ अधिकारी / प्रभारी अधिकारी महोदय प्रतापगढ़ के आदेश क्रमांक 109 दिनांक 24.12.2021 से आवंटित की गई है जिसके आधार पर जरिये नामान्तरकरण संख्या 1311 दिनांक 11.01.2022 से उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में आवंटीगण के नाम गैर—खातेदार दर्ज रिकार्ड है।

